**Series RSH/C**

कोड नं. **37**
**Code No.**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 11 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 37 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **37** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# गृह विज्ञान

# HOME SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

(i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***37*** *प्रश्न हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने लिखे हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***11*** *तक के प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । इनमें आपको एक सही विकल्प का चयन करना है, इन प्रश्नों में प्रत्येक का* ***1*** *अंक है ।*

(iv) *प्रश्न संख्या* ***12*** *से* ***24*** *तक के प्रश्नों के* ***2*** *अंक हैं । इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक के* ***10 – 20*** *शब्दों के होने चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या* ***25*** *से* ***33*** *तक के प्रश्नों के* ***3*** *अंक हैं । इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक के* ***20 – 40*** *शब्दों के होने चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***34*** *से* ***37*** *तक के प्रश्नों के* ***4*** *अंक हैं । इन प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक के* ***40 – 100*** *शब्दों के होने चाहिए ।*

(vii) *जहाँ भी आवश्यक हो अपने उत्तर के समर्थन में उपयुक्त उदाहरण दीजिए ।*

***General Instructions :***

(i) ***All*** *questions are compulsory. There are* ***37*** *questions in all.*

(ii) *Marks for questions are indicated against each of them.*

(iii) *Questions number* ***1*** *to* ***11*** *are of* ***1*** *mark each (multiple choice), one correct option has to be chosen.*

(iv) *Questions number* ***12*** *to* ***24*** *are of* ***2*** *marks each to be answered in* ***10 – 20*** *words.*

(v) *Questions number* ***25*** *to* ***33*** *are of* ***3*** *marks each to be answered in* ***20 – 40*** *words.*

(vi) *Questions number* ***34*** *to* ***37*** *are of* ***4*** *marks each to be answered in* ***40 – 100*** *words.*

(vii) *Support your answer with suitable examples wherever required.*

**1.** एक फ्रॉक की लम्बाई बढ़ानी है तो सबसे आसान तरीका है *1*

(A) उसकी सिलाइयाँ खोल दें

(B) उसके घेरे की तुरपाई खोल दें

(C) योक और घेरे के बीच में पट्टी डाल दें

(D) फ्रॉक को 'ए लाइन' का डिज़ाइन दें

The easiest way to increase the length of a frock is by

(A) opening seams

(B) opening hem

(C) adding a strip between yoke and skirt

(D) changing the design to 'A line'

2. वनस्पति तेल खरीदते समय आप जो मानक चिह्न देखेंगे वह है *1*

(A) आई एस आई

(B) एग्मार्क

(C) एफ पी ओ

(D) हॉलमार्क

While buying vegetable oil the standardisation mark you look for is

(A) ISI

(B) Agmark

(C) FPO

(D) Hallmark

3. निम्नलिखित में से जो भौतिक साधन है, वह है *1*

(A) कला (skill)

(B) अपना घर

(C) समय

(D) शक्ति (ऊर्जा)

A non-human resource of the following is

(A) skill

(B) own house

(C) time

(D) energy

4. धन की व्यवस्था सही ढंग से करने के लिए *1*

(A) ज़रूरी वस्तुएँ अधिक मात्रा में खरीदें

(B) ज़रूरी वस्तुएँ जितनी चाहिए उतनी ही खरीदें

(C) बजट बनाएँ और उसके अनुसार ही चलें

(D) सादे जीवन के सिद्धान्त पर चलें

In order to manage money well

(A) buy necessary goods in bulk

(B) buy goods in small quantity

(C) make budget and follow it

(D) follow the principle of simple living

5. 'कबाड़ीवाले' को पुराने अख़बार बेच कर आप बढ़ाते हैं अपनी *1*

(A) प्रत्यक्ष आय

(B) अप्रत्यक्ष आय

(C) मौद्रिक आय

(D) मानसिक आय

Money you get by selling your old newspapers to a 'Kabadiwala' increases your

(A) Direct Income

(B) Indirect Income

(C) Money Income

(D) Psychic Income

6. निम्नलिखित में से कौन-सा मौद्रिक आय का एक साधन ***नहीं*** है ? *1*

(A) लाभ

(B) रियायती दर पर भोजन

(C) वेतन

(D) मकान का किराया

Which of the following is ***not*** a source of money income ?

(A) Profit

(B) Subsidised meals

(C) Salary

(D) Rent from the house

7. निम्नलिखित में से कौन-सा वेतनभोगी व्यक्ति का अतिरिक्त आय का साधन ***नहीं*** है ? *1*

(A) मनोरंजन पर खर्च

(B) फल सब्ज़ी की बागवानी

(C) रहने के लिए मुफ़्त घर

(D) काम पर पहनने की वर्दी

Which of the following does ***not*** come under fringe benefit of a salaried person ?

(A) Entertainment bills

(B) Kitchen garden

(C) Free accommodation

(D) Uniform worn at work

8. जंग के ताजे दाग को हटाने के लिए आप क्या प्रयोग करेंगे ? *1*

(A) मेथिलित स्पिरिट

(B) गर्म पानी व साबुन

(C) ठंडा पानी व साबुन

(D) खट्टी लस्सी

Fresh stain of rust can be removed by using

(A) Methylated spirit

(B) Hot water and soap

(C) Cold water and soap

(D) Sour buttermilk

9. दाग छुड़ाने की जिस विधि में आप ब्लॉटिंग पेपर का प्रयोग करते हैं उसे 1

(A) भाप विधि कहते हैं

(B) चूषक विधि कहते हैं

(C) घोलक विधि कहते हैं

(D) बूँद विधि कहते हैं

The method of stain removal in which blotting paper is called

(A) Steaming method

(B) Sponging method

(C) Dipping method

(D) Drop method

10. निम्नलिखित में से कौन-सा एक ऑक्सीडाइजिंग ब्लीच ***नहीं*** है ? 1

(A) जैवेल का पानी

(B) घास

(C) हवा

(D) सोडियम बाइसल्फाइट

Which one of the following is ***not*** an oxidizing bleach ?

(A) Javelle water

(B) Grass

(C) Air

(D) Sodium bisulphite

11. किस प्रकार के वस्त्रों को धोने के लिए 'गूँथना व दबाना' विधि का प्रयोग किया जाता है ? *1*

(A) स्वेटर

(B) डस्टर

(C) तौलिया

(D) कॉलर

'Kneading and squeezing' method of laundry is used to clean

(A) sweater

(B) dusters

(C) towels

(D) collar

12. रीना के दर्जी ने उसके लिए जो ब्लाउज सिया है उसकी बाजू के क्षेत्र की मानकता जाँचने के लिए रीना को जिन चार महत्त्वपूर्ण चीज़ों का निरीक्षण करना चाहिए, उन्हें बताइए । *2*

Tell Reena four important things she needs to check for quality, in the area of sleeves of a blouse her tailor has stitched.

13. पोशाक की बटन पट्टियों पर दर्जी कौन-कौनसे चार प्रकार के बन्द करने वाले उपकरणों का प्रयोग करते हैं ? *2*

Name four types of fasteners a tailor uses in various garment.

14. नीना अपने तीन साल के बच्चे के लिए एक आरामदायक परिधान खरीदना चाहती है । वस्त्र आरामदायक हो इसके लिए उसे वस्त्र के कौनसे चार क्षेत्रों की ओर ध्यान देना होगा ? *2*

Neena wants to buy a comfortable dress for her three year old child. What four areas of the dress she should look into, to ensure comfortness ?

15. दो कारण बताते हुए समझाइए कि वस्तुएँ अधिकृत विक्रेता से ही क्यों खरीदनी चाहिए । *2*

State two reasons for buying goods from the authorised dealers only.

16. 'सुरक्षा के अधिकार' से आप क्या समझते हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में दो उदाहरण दीजिए । 2

What is the meaning of 'Right to safety' ? Support your answer with two examples.

17. 'मनोवृत्ति' शब्द का अर्थ दो उदाहरणों की सहायता से समझाइए । 2

Write the meaning of the word 'attitude'. Support your answer with two examples.

18. मौद्रिक आय को परिभाषित कीजिए तथा उसके दो उदाहरण दीजिए । 2

Define money income and give two examples of the same.

19. नीरु अपनी आय-व्यय का हिसाब-किताब कभी नहीं रखती । ऐसा हिसाब रखना आवश्यक है, इसके पक्ष में चार तर्क प्रस्तुत कीजिए । 2

Neeru does not believe in keeping record of her income and expenditure. Present four arguments to convince her that keeping.

20. सफेद सूती वस्त्र से आप रक्त का धब्बा कैसे हटाएँगे ? इसे हटाने के बाद क्या सावधानी रखने की जरूरत है ? 2

How will you remove blood stain from white cotton garment ? What precaution you need to take after the stain is removed ?

21. सिल्क के कमीज़ को धोकर पूर्णतया तैयार करते समय ली जाने वाली चार सावधानियाँ बताइए । 2

State four precautions you will take while laundering a silk shirt .

22. धोने से पहले वस्त्रों को छाँटते समय आप किन चार बातों को ध्यान में रखेंगे ? 2

Mention four points that should be kept in mind while sorting out garments before washing.

23. ऐसे चार चिकनाई घोलक पदार्थों की सूची बनाएँ जिनका प्रयोग दाग हटाने के लिए किया जाता है । 2

List four grease solvents used for stain removal.

24. घर पर कपड़े धोने के लिए जिस साबुन अथवा डिटरजेन्ट का प्रयोग करके आप खुश हैं, उसके चार गुण बताएँ । 2

Mention four qualities that you like in a soap or detergent that you are using at home.

25. एक दर्जी द्वारा तैयार अपनी पैंट की सिलाई से मोहन बहुत संतुष्ट है । सिलाई से सम्बन्धित उसकी संतुष्टि के छः सम्भावित कारण बताइए । 3

Mohan is very satisfied with the stitching of his trousers from a tailor. What could be six possible reasons for his satisfaction ?

26. एक तैयार (सिले-सिलाए) वस्त्र में अच्छे लटकाव की जाँच के लिए छः बिन्दुओं की एक जाँच सूची बनाएँ । 3

Make a checklist of six points to evaluate the workmanship of a garment which has good drape.

27. आप आई एस आई चिह्नित सीमेन्ट की बोरी ही क्यों खरीदना चाहते हैं ? बोरी पर इस मार्क का उत्तरदायित्व किसका होता है और इसे लगाने की प्रक्रिया क्या है ? 3

While buying a bag of cement why do you need to look for ISI mark ? How is this mark assigned and who assigns it ?

28. 'उपभोक्ता सहायता' से आप क्या समझते हैं ? किन्हीं दो उपभोक्ता सहायता के साधनों को चुनिए और बताइए कि इनका प्रयोग आप अपने लाभ के लिए कैसे करेंगे । 3

What do you understand by 'consumer aids' ? Choose any two consumer aids and state how you plan to use them for your benefit.

29. स्कूल से आने के बाद अपनी दिनचर्या बताएँ । यह भी बताएँ कि अपनी पढ़ाई पर दिए गए समय को छोड़ कर यदि रोज "बैडमिन्टन" खेलने के लिए एक घण्टा निकालना है, तो कैसे और कब निकालेंगे । 3

Describe your daily schedule after school and suggest how will you fit in an hour of "badminton" practice everyday. See that you do not disturb the time allotted to your studies.

30. अपनी मासिक कमाई का कुछ अंश बचा कर रखने के तीन मुख्य कारण बताएँ । अपने उत्तर के पक्ष में उपयुक्त उदाहरण भी प्रस्तुत करें । *3*

State three important reasons for saving money from your monthly earnings. Support your answer with appropriate examples.

31. सीता को अपनी पसन्दीदा कमीज़ पर एक धब्बा दिखाई दिया है किन्तु वह समझ नहीं पा रही कि दाग किस चीज़ का है । ऐसे दाग को छुड़ाने की विधि का वर्णन करें । *3*

Sita has noticed a stain on her favourite shirt and is not able to figureout its origin. Describe to her the procedure to remove it.

32. जब टीना ने भंडारण से अपना ऊनी स्वेटर निकाला तो देखा कि उसमें बहुत सारे छोटे-छोटे छेद थे । स्वेटर के इस नुकसान के कारण विस्तार से समझाएँ । *3*

When Teena took out her woollen sweater from storage she found it was damaged badly. Elaborate on what could have gone wrong to cause this damage.

33. एक स्वेटर को धोने के लिए तैयार करने, धोने और सुखाने के लिए जिस-जिस सामान की आवश्यकता होगी, उसकी सूची बनाइए । *3*

Make a list of all you will need for preparing, washing and drying of a sweater.

34. मीठे और नमकीन बिस्कुटों के पैकेटों पर लगे लेबलों में क्या-क्या अन्तर होते हैं ? *4*

Point out the differences between the label of a packet of sweet and packet of salty biscuits.

35. जीवन उपयोगी हर वस्तु के दाम लगातार बढ़ने के कारण उमा की माताजी को घर खर्च चलाने में मुश्किल हो रही है । ऐसे में भोजन पर तथा अन्य घरेलू वस्तुओं पर होने वाले खर्च को कम करने के चार-चार आसान सुझाव लिखिए । *4*

Due to the rising cost of living it is difficult for Uma's mother to make both ends meet. Suggest four easy ways to cut expenditure on food and four ways to cut expenditure on other things in the house.

**36.** हमारे देश में मौसम बदलने पर कपड़ों को अगले मौसम तक के लिए संग्रह किया जाता है । इन्हें सुरक्षा से सम्भाल कर रखने के लिए किन आठ सामान्य नियमों का पालन करना चाहिए ? *4*

In our country after every change of season some clothes are stored away for next season. Write eight general rules you should follow for safe storing of these clothes.

**37.** घर में सफेद व हल्के रंग के वस्त्र धोते समय मीनू उन्हें हमेशा ख़राब कर देती है । उसे ऐसा होने के दो कारण बताइए तथा यह भी बताइए कि इन कपड़ों को धोने का सही तरीका क्या होना चाहिए । *4*

Meenu always spoils her white and light coloured garments while washing them at home. Explain to her two reasons for this and describe the correct method to wash these clothes.